जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

6 जून 2023

प्रेस विज्ञप्ति

NIRF-2023: JMI ने लॉ, आर्किटेक्चर, डेंटल और मैनेजमेंट पोजीशन में सुधार
- ओवरऑल कैटेगरी में रैंक में सुधार, यूनिवर्सिटीज में तीसरी रैंक बरकरार

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (JMI), NAAC द्वारा A^{++} मान्यता प्राप्त केंद्रीय विश्वविद्यालय ने लगातार दूसरे वर्ष नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) इंडिया रैंकिंग 2023 में विश्वविद्यालयों की श्रेणी में अपना तीसरा स्थान बनाए रखा। जामिया ने न केवल यूनिवर्सिटी कैटेगरी में अपनी रैंक बरकरार रखी बल्कि ओवरऑल कैटेगरी में पिछले साल के 13वें रैंक से इस साल 12वीं रैंक में सुधार किया।

एनआईआरएफ के आंकड़ों के अनुसार जिन क्षेत्रों में जेएमआई ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है वे हैं - लॉ, डेंटिस्ट्री, आर्किटेक्चर और प्लानिंग, अनुसंधान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन।

लॉ के मामले में जामिया ने पिछले साल 7वें स्थान के मुकाबले इस साल 5वां स्थान हासिल किया है, जबकि आर्किटेक्चर और प्लानिंग में, जामिया ने 9वें से 6ठे स्थान पर महत्वपूर्ण सुधार किया है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि डेंटल में देखी गई है जहां जामिया ने पिछले साल के 16वें स्थान के मुकाबले साल 10वां स्थान हासिल किया है। इंजीनियरिंग में, जामिया ने देश के 26वें सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज में अपना स्थान बनाए रखा है। रिसर्च के मामले में जामिया देश के तमाम संस्थानों में 20वें स्थान पर है।

जामिया की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर (पद्मश्री) ने कहा, 'जामिया कैंपस में यह खुशी की लहर हमें हमारे अनुशासित और व्यवस्थित काम, सावधानीपूर्वक शोध, समग्र समर्पण और सामूहिक प्रयासों की याद दिलाती है। हमारे प्रदर्शन से जो खुशी का ज्वार उमड़ पड़ा है, उसने भविष्य के बेहतर प्रयासों और परिणामों के लिए हमारे अंदर नए सिरे से उत्साह पैदा किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया